# पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री धामी ने किया माल्यार्पण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को शहर स्थित पंत पार्क पहुंचकर भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंडित पंत के योगदान को याद करते हुए कहा कि वह उत्तराखंड की धरती के गौरव और सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म अल्मोड़ा जिले के खूंट गांव में हुआ था।उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ निर्भीकता से आवाज उठाई। स्वतंत्रता के बाद वह उत्तर प्रदेश

**पुष्पांजलि**
पंत पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित कर बोले—पंत जी उत्तराखंड की धरती के गौरव और प्रेरणास्त्रोत

के प्रथम मुख्यमंत्री बने और प्रशासनिक सुधार, शिक्षा, कृषि तथा औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के गृहमंत्री के रूप में पंत जी ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उनके सादगी,ईमानदारी और जनसेवा के मूल्य आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।उन्होंने युवा पीढ़ी से पंत जी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंत पार्क में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# प्रतापनगर की ब्लॉकस्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में जीआईसी गालूड़धार के सौरभ अव्वल

**विज्ञान संगोष्ठी**
भारतीय ऊर्जा परिदृश्य-2047 संभावनाएं व चुनौतियां विषय पर उन्होंने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए




**टीम एक्शन इंडिया**
नई टिहरी
प्रतापनगर की ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने हुनर का प्रदर्शन किया। भारतीय ऊर्जा परिदृश्य-2047 संभावनाएं व चुनौतियां विषय पर उन्होंने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। जीआईसी गालूड़धार के छात्र सौरभ खरोला ने प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया।
जीआईसी लंबगांव में बीईओ दीपक कुमार, विज्ञान संगोष्ठी प्रभारी अनिल नेगी और प्रधानाचार्य धनराज कोहली ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि विज्ञान में सीखने और सिखाने के लिए असीमित अवसर हैं। छात्रों को शोध और नवाचार पर ध्यान देना चाहिए। संगोष्ठी में 40 स्कूलों के 5 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण एवं ग्रीन एनर्जी, सोलर एनर्जी से भारत को ऊर्जा सम्पन्न भारत बनाने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में जीआईसी तोलीसैण मुखेम की अनीता द्वितीय जबकि जीआईसी गलियाखेत की अनूपा तृतीय रहीं। बीईओ ने विजेता सहित सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर पुलिस ने किया नमन

**जन्मदिवस**
पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर माल्यार्पण किया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के 139वें जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को जनपद पुलिस की ओर से उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पुलिस कार्यालय रोशनाबाद सहित जनपद के सभी थाना, कार्यालय और शाखाओं में कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पंडित पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
पुलिस कार्यालय रोशनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके जीवन, संघर्ष और देश के लिए किए गए योगदान को याद किया गया।
कार्यक्रम में सीओ ज्वालापुर संजय चौहान ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका तथा स्वतंत्र भारत के निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंडित पंत ने देश की आजादी के संघर्ष के साथ-साथ सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने, जमींदारी प्रथा समाप्त करने तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारत गणराज्य के गृहमंत्री के रूप में उनके योगदान का उल्लेख किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पंडित पंत का जीवन देश और समाज के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा तथा राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों से पंडित गोविंद बल्लभ पंत के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया गया। जनपद के सभी थाना एवं शाखाओं में भी पुलिसकर्मियों ने उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# किसानों को मुफ्त बिजली-पानी और स्थानीय युवाओं को 70 प्रतिशत रोजगार की मांग

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
किसान मजदूर संगठन सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल ने ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर से उनके कार्यालय पर मुलाकात कर किसानों, मजदूरों और प्रदेश के युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर मांग पत्र सौंपा।
प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड के किसानों को सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजली और पानी उपलब्ध कराने तथा प्रदेश में स्थापित सरकारी, अर्धसरकारी और निजी उद्योगों में कम से कम 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं एवं बेरोजगारों को रोजगार देने संबंधी शासनादेश को प्रभावी रूप से लागू कराने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तराखंड जल एवं जलविद्युत संसाधनों से समृद्ध प्रदेश है। ऐसे में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली और पानी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। वहीं प्रदेश में स्थापित उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने से बेरोजगारी और पलायन की समस्या को कम किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में घायलों को मिलेगा कैशलेस इलाज, पीएम-राहत योजना का प्रचार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को त्वरित एवं कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित पीएम-राहत योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में विगत दिवस सीसीआर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस, स्वास्थ्य एवं सूचना विभाग को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना की जानकारी अधिक से अधिक आमजन तक पहुंचाई जाए, ताकि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर उपचार मिल सके और पात्र पीड़ित योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना पीड़ित और उनके परिजन अस्पताल पहुंचते ही योजना की जानकारी प्राप्त कर सकें, जिससे उपचार में अनावश्यक देरी न हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समयबद्ध चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहने देने पर विशेष जोर दिया गया।

### सड़क हादसे में घायलों को मिलेगा कैशलेस इलाज, पीएम-राहत योजना का प्रचार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को त्वरित एवं कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित पीएम-राहत योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में विगत दिवस सीसीआर में बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य एवं सूचना विभाग को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# युवा केवल रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें: नितिन नवीन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने युवाओं से राजनीति और सार्वजनिक जीवन में आगे आने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलती अर्थव्यवस्था और तकनीक के दौर में युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खुले हैं। आज का युवा केवल रोजगार प्राप्त करने वाला नहीं, बल्कि रोजगार और नए अवसरों का सृजन करने वाला भी बन रहा है।
अध्यक्ष नितिन नवीन ने हल्द्वानी में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से करियर, रोजगार, उद्यमिता, कौशल विकास, तकनीक, खेल और उत्तराखंड के भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने रोजगार, स्वरोजगार और प्रदेश में बेहतर अवसरों से जुड़े सवाल पूछे तथा सरकार की योजनाओं को लेकर अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।
भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की युवा शक्ति को नई दिशा देने के साथ युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और खेलो इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को अपनी प्रतिभा और कौशल के अनुरूप आगे बढ़ने का मंच दिया है।
उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप, नवाचार और डिजिटल तकनीक जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं बढ़ रही हैं। उत्तराखंड के युवा प्रतिभा और क्षमता से भरपूर हैं तथा उनकी ऊर्जा को प्रदेश के विकास से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।
अध्यक्ष नवीन ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार, पर्यटन, कौशल विकास और उद्यमिता के अवसर बढ़ाना महत्वपूर्ण है। युवाओं के विचार और आकांक्षाएं प्रदेश के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने युवाओं से भविष्य की चुनौतियों को अवसरों में बदलने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि यह एक सशक्त माध्यम है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में समय प्रबंधन भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और सफलता के लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा शक्ति देश और उत्तराखंड की सबसे बड़ी ताकत है।

## महालक्ष्मी मंदिर में नितिन नवीन ने की पूजा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को हल्द्वानी के बेरीपड़ाव स्थित अष्टभुजा श्री महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां महालक्ष्मी से देश और उत्तराखंड के लोगों के सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की। नितिन नवीन निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह करीब नौ बजे मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक एवं सांसद अनिल बलूनी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की नशे पर बड़ी चोट, 4.83 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलौर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को 16.10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 83 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त इलेक्ट्रिक स्कूटी भी कब्जे में ली है।
प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा नशे के कारोबार में संलिप्त संदिग्धों की गतिविधियों पर निगरानी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है।



इसी क्रम में उपनिरीक्षक नवीन चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम लंढौरा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से 16.10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

# आत्महत्या रोकथाम के लिए समाज की सामूहिक भागीदारी जरूरी



**संवाद कार्यक्रम**
कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं मनोविज्ञान के सदस्यों ने भाग लिया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा संकट की स्थिति में समय पर उचित सहायता लेने के महत्व के प्रति विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संवेदनशील बनाना रहा।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार ने कहा कि आत्महत्या की रोकथाम केवल मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास भावनात्मक संकट से जूझ रहे लोगों के संकेतों को गंभीरता से लेने और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उचित सहायता उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के दौरान इंटरैक्शन सेशन और वाद-विवाद का आयोजन भी किया गया। इसमें विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक दबाव, शैक्षणिक तनाव तथा आत्महत्या की रोकथाम से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि संकट की स्थिति में किसी व्यक्ति को संवेदनशीलता के साथ सुनना, उसकी बात को समझना और उसे उचित सहायता तक पहुंचाना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रो. राकेश जैन, प्रो. अरुण कुमार, डॉ. अजीत तोमर, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. विक्रम सिंह और श्रुति सिंह सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं मनोविज्ञान विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।

# पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक किया गया स्मरण

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व गृहमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया।मुख्य कार्यक्रम मल्लीताल नैनीताल में हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने पंडित पंत के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त प्रांत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा में पंडित गोविंद बल्लभ पंत का मंदिर, प्रतिमा और स्मारक तैयार हो चुका है।मंत्री ने लोगों से निराश्रित बच्चों की मदद के लिए जिलाधिकारी को सूचना देने की अपील की।उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के लिए प्रत्येक जिले में हॉस्टल बनाए गए हैं, जहां उन्हें निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही उन्होंने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहकर दूध एवं पौष्टिक आहार का सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। कैबिनेट मंत्री ने छात्र-छात्राओं और आगंतुकों को दूध वितरित कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।पंत के योगदान को किया याद, प्रतिभाओं और पत्रकारों को किया सम्मानित

**नमन**
जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



विधायक नैनीताल सरिता आर्या ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने कुमाऊं क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक उत्थान के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों के हितों के लिए कार्य किया तथा प्रशासन में हिंदी के प्रयोग और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन को बढ़ावा दिया।विधायक ने क्षेत्र के दो स्कूलों के उच्चीकरण की मांग शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी, जिस पर स्वीकृति का आश्वासन दिया गया।दर्जा राज्य मंत्री दिनेश चंद्र आर्या ने कहा कि पंडित पंत ने अल्मोड़ा के खुंट गांव से निकलकर देश की राजनीति में अपनी पहचान बनाई और आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।उन्होंने शिक्षा, उद्योग और कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए।कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने पत्रकारों,सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों तथा मेधावी विद्यार्थियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।सांस्कृतिक एवं गायन प्रस्तुतियां देने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्या, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, दिनेश चंद्र आर्या, नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं.-Elect/TRD/MB/2026-27/TN-12 दिनांक: 09.09.2026

| | | |
|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-10-TRD-MB-26-27 | T-11-TRD-MB-26-27 |
| कार्य का नाम | हरिद्वार स्टेशन के उन्नयन (Upgradation) के संबंध में टी.आर.डी. कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। | एल.आर.जे.–डी.डी.एन खंड में ज्वालापुर स्टेशन पर मौजूदा एफ.ओ.बी. के लिए रैंप का प्रावधान सहित ओ.एच.ई. संशोधन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 01.10.2026, 15:00 Hrs | 01.10.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹):- | ₹ 20,27,188.47 (Including GST@ 18%) | ₹ 43,02,799.82 (Including GST@ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 40,600/- | ₹ 86,100/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹):- | Nil | Nil |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 04 Months | 04 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

3131/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये, जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | |
|---|---|---|
| टेन्डर संख्या | 189-DRM-MB-26-27 Date:- 10.09.2026 | 190-DRM-MB-26-27 Date:- 10.09.2026 |
| कार्य का नाम | Elimination of Level Crossing No. 75/C Spl by providing LHS by pushing method of MB-GZB in the section of ADEN/HPU. | Cess Repair work between GMS-MFH in the section of SSE/W/HPU under ADEN/HPU |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 06.10.2026 | 06.10.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,21,90,378.30 | 90,37,837.81 |
| धरोहर राशि | 8,43,800.00 | 1,80,800.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | 08 माह |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 22.09.2026 | 22.09.2026 |

टेन्डर नं- Sr.DEN-IV/Publication/26-27
दिनांक : 10.09.2026 3146/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

पंजीकृत संस्थाओं से वाणिज्यिक विज्ञापन अनुबंध, किराना सह वाणिज्यिक कियोस्क, प्रीमियम ब्रांड आउटलेट, फूड वैन, सैलून कियोस्क, मोबाइल स्टोर, बैटरी चालित वाहन आदि के अनुबंधों के आवंटन हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ), मुरादाबाद (ACO) द्वारा दिनांक 25.09.2026 एवं 01.10.2026 को IREPS के माध्यम से ई–नीलामी हेतु बोलियां आमंत्रित की गई हैं। संबंधित कैटलॉग IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
3096/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

